तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 31 जुलाई 2026



14 नीति तारा से एक क्लिक पर मिलेगी योजनाओं...





14 गवर्नमेंट आर्ट्स एंड कॉमर्स गर्ल्स कॉलेज...






## खबर संक्षेप

### गाली देने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** शराब पीकर गाली गलौज और मारपीट करने वाले दो भाइयों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। ग्राम गौरटेक का दीपक बरिहा 29 जुलाई को अपने दोस्त अमन दास के साथ बाइक से सामान लेने गांव के दुकान जा रहा था। इसी बीच विनोद निर्मलकर और दिनेश निर्मलकर शराब के नशे में उन दोनों को देखकर गाली गलौज करने लगा। जब वे दुकान से वापस आ रहे थे, तभी दोनों गालियां देने लगे, जब उन्हें मना किया तब आरोपी विनोद निर्मलकर और दिनेश निर्मलकर द्वारा डंडे से मारपीट की गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### मारपीट के मामले में तीन के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम मनकी में एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में तीन लोगों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार 29 जुलाई की शाम छह बजे पानी टंकी के पास परमानंद सिदार, जितेंद्र सिदार एवं शंभू यादव गाली गलौच कर रहे थे, जिन्हें महेंद्र तांडी ने गाली गलौज करने से मना किया। इस पर वे तीनों महेंद्र के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे। इस दौरान बीच बचाव करने आए ग्राम लाटादादर निवासी समीर चौहान के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। रिपोर्ट पर धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## बारिश का कहर : नदी के तटीय क्षेत्रों में हाई अलर्ट जारी

# अनवरत बारिश से नदी-नाले उफान पर समोदा बैराज के सभी गेट खोले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारी बारिश के चलते जिले के नदी नाले उफान पर है। अपने रौद्र रुप के चलते जिले की दोनों प्रमुख नदियां महानदी और जोंक नदी के तटीय इलाकों में इन दिनों जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त है। नालों में भी पानी का उफान आज तक के उच्च स्तर पर होने की खबर है। जिसके कारण इन नालों में बने पुल भी बौने साबित होने के साथ डूब गए हैं और इन्हें पार करना जान जोखिम में डालने से कम प्रतीत नही हो रहा।

जिले सहित आसपास के क्षेत्र में पिछले तीन दिन से हो रही झमाझम बारिश के बाद सोंढूर बांध से 5 हजार क्यूसिक पानी छोड़े जाने के बाद एवं विभिन्न क्षेत्रों के कैचमेंट एरिया से बारिश का पानी आने से महानदी पूरे उफान पर है। बांधों के बढ़ते जल स्तर को देखते हुए समोदा बैराज के पूरे 48 गेट खोल दिए गए हैं। बुधवार सुबह से अब तक लगभग 2.80 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा जा चुका है। महानदी के वेग के चलते तटीय क्षेत्रों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। ग्रामीण इलाकों के पुल- पुलियों के ऊपर से पानी बहने के कारण संपर्क प्रभावित हुआ है।

इधर, झमाझम बारिश से महानदी के कैचमेंट एरिया से भारी मात्रा में पानी आ रहा है। मंगलवार-बुधवार रात तक मुढ़ैना और निसदा डेम के 24 गेटों में से 12 गेट खोले गए, फिर बाद में लगातार बढ़ते जल स्तर के कारण बुधवार सुबह सभी गेट खोलने की नौबत आ गई। जानकारी दी गयी कि 24 घंटे बाद भी निसदा डेम में अभी 66 मीटर जल स्तर है। मुढ़ैना और निसदा डेम से पानी छोड़ने का सीधा असर समोदा बैराज पर पड़ा।



### पिथौरा में अब तक सबसे अधिक बारिश

एक जून से लेकर आज तक जिले में कुल 4323.8 मिमी बारिश हो चुकी है। जिसमें पिछल तीन दिनों में ही लगभग 933.8 मिमी बारिश हो चुकी है। जिले में अब तक पिथौरा में सबसे अधिक 913.6 मिमी, सरायपाली में 909.5 मिमी, बसना में 773.6 मिमी, बागबाहरा में 587.8 मिमी, कोमाखान में 574.1 मिमी और सबसे कम 565. 2 मिमी बारिश हुई है।

### बाढ़ में फंसे दो का किया रेस्क्यू

*पिछले तीन दिनों से रुक-रुक कर हो रही झमाझम बारिश से नदी, नाले उफान पर हैं। गत रात सितली नाला में उफान से बम्हनी के फर्शी उद्योग में काम करने करने वाले दो मजदूर बाढ़ में फंस गए। आज सुबह ग्रामीणों ने इसकी सूचना आपदा एवं बाढ़ नियंत्रण कक्ष को दी। बाद 15 सदस्यीय बाढ़ बचाव दल मौके पर पहुंचा और बुधवार शाम से बाढ़ में फंसे गरियाबंद निवासी संतोष साहू एवं दुकालू निषाद को सुरक्षित रेस्क्यू किया।*

### तालाब में तब्दील हुए खेत-खलिहान



**नर्रा।** जिले के जोंक नदी के आसपास के गांव में आषाढ़ माह के अंतिम दिनों में हो रही मूसलाधार बारिश ने नर्रा क्षेत्र में जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। लगातार हो रही बारिश से नदी, नाले, जलाशय, तालाब और खेत-खलिहान सब जलमग्न हो गए। जोंक नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने से इसके बहाव ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। छत्तीसगढ़ और ओडिशा को जोड़ने वाले मुख्य ब्रिज नर्रा (पुल) के ऊपर दोपहर से शाम तक 5 से 6 फीट पानी चढ़ गया। पुल पर पानी आने के कारण दोनों राज्यों के बीच आवागमन और संपर्क पूरी तरह टूट गया है। जोंक नदी के तटीय क्षेत्रों में बसे गांवों में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई है। ग्राम नर्रा, राटापाली, बनियातोरा, परकोम खट्टी आदि में स्थिति खराब है। ग्रामीणों के घरों में पानी घुस जाने के कारण देर शाम तक घर को खाली कर भागना पड़ा। इधर, दिन-रात की झमाझम बारिश से खेत-खलिहान नदी और तालाब में तब्दील हो गए हैं। चारों तरफ केवल पानी ही पानी नजर आ रहा है। जोंक नदी के उफान और पानी के तेज बहाव ने बोए गए तथा रोपे गए धान की फसलों को पानी के तेज बहाव ने खेतों की उपजाऊ मिट्टी और फसलों को बहा दिया है तथा मेड़ पार को उखाड़ कर रेत मलबे के रूप में जम गया है। खेतों का कटाव तेज धार से खेत कटकर नदी जैसे प्रतीत हो रहे हैं। जिससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति पहुँची है और वे बेहद चिंतित हैं। प्रभावित किसानों और ग्रामीणों ने राजस्व व संबंधित विभाग के अधिकारियों से तत्काल मौके का मुआयना और स्थल जांच करने तथा बाढ़ आपदा प्रबंधन के तहत पीड़ित किसानों को उचित आर्थिक मुआवजा देने की मांग की है।

### झोपड़ी में शराब की बिक्री, गिरफ्तार

**महासमुंद।** खटखटी ओवरब्रिज के पास झोपड़ी में शराब की बिक्री कर रहे एक युवक को बसना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि खटखटी रोड ओवरब्रिज के पास झोपड़ी में आरोपी डिगेश्वर रात्रे पिता अमृत रात्रे (24 साल) तिलकपुर थाना बसना जिला महासमुंद शराब की बिक्री कर रहा है। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को बरामद धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की।

### स्कूटी से शराब का परिवहन

**महासमुंद।** स्कूटी से शराब का अवैध परिवहन कर रहे एक युवक को पिथौरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि राजासेवैया की ओर से पिथौरा की ओर एक युवक अपने इलेक्ट्रानिक स्कूटी में शराब का अवैध रूप से परिवहन कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 15 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 3000 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।







खबर संक्षेप



### महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर हुआ कार्यक्रम

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.संध्या भोई के निर्देशन एवं यूके बरिहा (विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान एवं कार्यक्रम अधिकारी रासेयो), प्राची गुप्ता (विभागाध्यक्ष वाणिज्य एवं कार्यक्रम अधिकारी रासेयो महिला ईकाई) एवं डॉ. चंद्रिका चौधरी (साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं युवा गतिविधि प्रभारी) के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मां शारदा के चरणों में पुष्प अर्पित कर एवं कारगिल विजय अभियान के वीर जवानों को नमन करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत हुई। प्राचार्य डॉ. संध्या भोई ने अपने उद्बोधन में कहा कि पाकिस्तान की सेना और घुसपैठियों ने जम्मू के कारगिल सेक्टर में घुसपैठ कर भारत की सीमा में कब्जा कर लिया था। इसके जवाब में भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय एवं ऑपरेशन सफेद सागर अभियान चलाया। लगभग 60 दिनों तक चले इस युद्ध में भारतीय सेना ने दुश्मनों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। बर्फ से ढंकी पहाड़ियों पर हमारे सिपाही सीना तान कर खड़े थे, 14000 फीट की ऊंचाई पर सांस लेना भी मुश्किल था, लेकिन जज़्बा अडिग था और फिर आया वो ऐतिहासिक दिन 26 जुलाई 1999 भारत ने पूरी तरह दुश्मनों को पीछे धकेल दिया गया और देश का सर कभी झुकने नहीं दिया। विद्यार्थियों को अपना कर्म तत्परता एवं निष्ठापूर्वक करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों ने भी अपने विचार रखें। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पीतांबर बाघ एवं आभार प्रदर्शन प्राची गुप्ता ने किया।

# इनर व्हील क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर का बहुआयामी सेवा प्रकल्प आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

इनर व्हील क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर द्वारा महासमुंद स्थित आर्ष ज्योति गुरुकुल में सेवा, शिक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण को समर्पित बहुआयामी सेवा प्रकल्प आयोजित किया गया। क्लब की सचिव नेहा अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक रीति से हवन-पूजन के साथ हुआ। इसके बाद गुरुकुल परिसर में 30 पौधों का वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। क्लब द्वारा गुरुकुल को आवश्यक अनाज, 20 ट्यूब लाइट्स, दो कंप्यूटर एवं एक प्रिंटर भेंट किए गए, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर रुचिता राव ने विद्यार्थियों के लिए करियर गाइडेंस एवं मोटिवेशनल सत्र लिया। उन्होंने छात्रों को अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप करियर चुनने, लक्ष्य निर्धारित करने तथा आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम क्लब की अध्यक्ष पूजा



अग्रवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस दौरान पास्ट प्रेसिडेंट संगीता गोयल, पुष्पा मालवीय, गीता जेठानी, पूजा जैन, नम्रता दुबे, सोनिया नाथानी, पास्ट सेक्रेटरी प्रज्ञा नायडू, रूबी साओ, सुषमा अग्रवाल, प्रियंका मिश्रा, रुचिता राव तथा सचिव नेहा अग्रवाल सहित क्लब की सदस्याएं उपस्थित रहीं। गुरुकुल परिवार ने क्लब के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। क्लब ने भविष्य में भी शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं समाजसेवा के ऐसे प्रकल्प निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

## पटपरपाली में विशेष ग्राम सभा में बनाई गई ग्राम विकास योजना




**बोईरगांव (कोमाखान)।** 16वें वित्त आयोग मद से जीपीडीपी के लिए ग्राम पंचायत पटपरपाली में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत सरपंच लता कमलेश टांडेय ने कहा कि ग्राम विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण भी एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। जिसके लिए ग्राम पंचायत को हरित पंचायत बनाने के संकल्प के साथ सतत वृक्षारोपण करने की भी योजना बनाई गई। जल संरक्षण और जल स्तर बढ़ाने के लिए आवश्यक वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण की आवश्यकता को महत्व दिया जाएगा। विशेष ग्राम सभा में पर्यवेक्षक महिला बाल विकास भावना गुप्ता, पटपरपाली सोसायटी अध्यक्ष अधिवक्ता कमलेश कुमार टांडेय, पटपरपाली पंचायत सचिव बेदनाथ देवांगन, रोजगार सहायक एशराम साहू उपसरपंच चैतराम साहू, पंचगण थलेश्वरी साहू, हवंत साहू, सुनीता साहू, मुकेश गुप्ता, हेमलता साहू, कल्पना तिवारी, मनोज साहू, कांति साहू, मोहन साहू, चेतन साहू, केशराम साहू, भगवतचार्य दिलीप त्रिपाठी, मोतीलाल तिवारी, रोशन दुबे, हिम्मत साहू, सुरित साहू, मनोज साहू, विश्वा साहू, राजेंद्र साहू, शिवकुमार साहू, लोकेश साहू, संतोष साहू, शिव साहू, चंद्रशेखर साहू, भागीरथी साहू, केशरी साहू, भीम साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीना साहू, गमला साहू, चंपी साहू, रूपेश कुमार साहू आदि मौजूद रहे।

## असत्य प्रतिवेदन प्रेषित करने पर अनुविभागीय अधिकारी महासमुंद के विरूद्ध कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

किसान मजदूर संघ छत्तीसगढ़ के संयोजक ललित चंद्रनाहू ने आयुक्त (अनुशासन अधिकारी द्वितीय श्रेणी) राजस्व संभाग रायपुर को पत्र प्रेषित कर कलेक्टर महासमुंद को असत्य प्रतिवेदन प्रेषित करने पर अनुविभागीय अधिकारी अक्षा गुप्ता के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन उन्होंने कहा है कि कलेक्टर जिला महासमुंद को ग्राम पंचायत खरोरा के शासकीय जिला चिकित्सालय एवं रा.रा.मा. 353 के मध्य शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के विरूद्ध कार्रवाई के लिए प्रस्तुत ज्ञापन में संदर्भित पत्र क्र. 01 अनुविभागीय अधिकारी रा.महासमुंद को प्रेषित कर जांच कार्रवाई का निर्देश किया गया। अनुविभागीय अधिकारी अक्षा गुप्ता के निर्देश अनुपालन में जांच कार्रवाई नहीं कर नायब तहसीलदार महासमुंद मोहित अमिला के पत्र 10 अप्रैल 2026 में ग्राम पंचायत खरोरा में मुख्य मार्ग नेशनल हाईवे से लगकर 13 दुकानों का निर्माण की जांच प्रतिवेदन को प्रेषित किया गया। कलेक्टर के निर्देश के पूर्व अक्षा गुप्ता द्वारा 06 अगस्त 2025 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत महासमुंद बीएस मंडावी एवं नायब तहसीलदार महासमुंद मोहित अमिला का दो सदस्यीय जांच दल गठित किया गया। बीएस मंडावी एवं मोहित अमिला के हस्ताक्षरित जांच प्रतिवेदन दिनांक निरंक में शासकीय भूमि अतिक्रमण के संबंध में हल्का पटवारी का प्रतिवेदन प्राप्त नहीं किया गया। जांच प्रतिवेदन में ग्राम पंचायत के द्वारा दुकान निर्माण के संबंध में पंचायत सचिव का प्राप्त प्रतिवेदन ग्राम सभा प्रस्ताव, संचित निधि, ग्रामीण


किसान मजदूर संघ-छत्तीसगढ़ रायपुर

यांत्रिकीय सेवा उपसंभाग की तकनीकी स्वीकृति, ग्राम पंचायत स्वीकृति आदेश, अनापत्ति प्रमाण पत्र, लैब रिपोर्ट, न्यायालय तहसील में दर्ज प्रकरण का संबंध शासकीय भूमि में अतिक्रमण की जांच कार्रवाई से संबंधित नहीं है। शिकायत के तथ्यों के अनुरूप शासकीय भूमि में अतिक्रमण का जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया। कलेक्टर जिला महासमुंद के निर्देश की अवज्ञा करते हुए अनु.अधि. अक्षा गुप्ता के द्वारा ग्राम खरोरा के शासकीय भूमि में सरपंच ग्राम पंचायत खरोरा के अवैध व्यवसायिक भवन / दुकान निर्माण का हल्का पटवारी नं. 36, रानिमं, बरोंडाबाजार तहसील महासमुंद का प्रतिवेदन संलग्न किए बगैर असत्य प्रतिवेदन कलेक्टर को प्रेषित कर छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 एवं वर्गीकरण नियंत्रण, अपील नियम 1966 के अंतर्गत गंभीर कदाचरण किया गया है। अतः कलेक्टर को असत्य प्रतिवेदन प्रेषित करने पर अनुविभागीय अधिकारी अक्षा गुप्ता के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की मांग की है।

## संयुक्त खातेदारी और बायोमेट्रिक की समस्या पर मानिक ने जताई चिंता, एग्रीस्टैक प्रक्रिया सरल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एग्रीस्टैक पोर्टल में किसान पंजीयन के लिए लागू किए गए नए नियमों से किसानों को हो रही परेशानियों को लेकर महासमुंद जिला किसान कांग्रेस ने चिंता जताई है। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मानिक साहू ने कलेक्टर महासमुंद को ज्ञापन सौंपकर एग्रीस्टैक पोर्टल में किसान पंजीयन की प्रक्रिया को सरल एवं किसान हितैषी बनाने की मांग की है। ज्ञापन कृषि मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम सौंपा गया है।

ज्ञापन में कहा गया है कि एग्रीस्टैक पोर्टल में किसान पंजीयन के लिए लागू नई व्यवस्था के कारण महासमुंद जिले सहित प्रदेश के किसानों को कई व्यावहारिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से संयुक्त खातेदारी वाली कृषि भूमि के मामले में प्रत्येक खातेदार के लिए अलग-अलग फार्मर आईडी बनाने की प्रक्रिया किसानों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। इसके चलते किसानों को बार-बार दस्तावेज तैयार कराने और ऑनलाइन पंजीयन के लिए चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। किसान कांग्रेस ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में बुजुर्ग किसान हैं, जिनके अंगूठे के निशान घिस जाने या बायोमेट्रिक सत्यापन नहीं होने के कारण पंजीयन प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है। ऐसी स्थिति में किसानों को अपनी कृषि उपज, विशेषकर



धान की बिक्री तथा शासन की विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ लेने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मानिक ने मांग की है कि किसान हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन की प्रक्रिया को तत्काल सरल किया जाए। संयुक्त खातेदारी वाली भूमि के मामले में अलग-अलग फार्मर आईडी बनाने की अनिवार्यता पर पुनर्विचार करते हुए सरल एवं व्यावहारिक व्यवस्था लागू की जाए। साथ ही, बुजुर्ग किसानों के बायोमेट्रिक सत्यापन में समस्या आने पर वैकल्पिक सत्यापन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि किसी भी पात्र किसान को पंजीयन संबंधी तकनीकी समस्या के कारण धान बेचने से वंचित न किया जाए। इसके अलावा गांव स्तर पर पर्याप्त तकनीकी सहायता एवं सुविधा केंद्र उपलब्ध कराने तथा किसान पंजीयन प्रक्रिया को पारदर्शी, सुगम और कम से कम दस्तावेजों वाली बनाने की मांग की गई है। किसान कांग्रेस ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए ज्ञापन को माकृषि मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के समक्ष आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रेषित किया जाए, ताकि एग्रीस्टैक पंजीयन से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र निराकरण हो सके।

# नपाध्यक्ष निखिलकांत ने की जिले के बंद गौठानों को शीघ्र शुरू करने की मांग

### शहरी क्षेत्र में भी घुमंतू आवारा पशुओं के स्थाई निवास के लिए गौ धाम की स्थापना की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में आवारा घुमंतू गौ वंशीय पशुओं को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने शासन से जिले के सभी गौठानों का संचालन तत्काल पुनः प्रारंभ कराने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में खेती-किसानी का कार्य पूरे वेग से चल रहा है। किसानों द्वारा खेतों में खरीफ धान की बोनी प्रारंभ कर दी गई है। ऐसे में फसल लग जाने से पशुओं के चरने के लिए खुले स्थानों की कमी हो गई है और चारा तथा पानी की समस्या भी सामने आ रही है। इस स्थिति में यदि बंद पड़े गौठानों को पुनः शुरू नहीं किया गया तो आवारा पशुओं के कारण किसानों की फसल को नुकसान पहुंचने के साथ ही पशुओं के समक्ष भी भुखमरी की स्थिति निर्मित हो सकती है।



नपाध्यक्ष ने स्मरण कराया कि कुछ माह पूर्व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बिलासपुर जिले में आयोजित कार्यक्रम में गौ धाम योजना के अंतर्गत प्रदेश के प्रत्येक जिले में गौधाम स्थापित किए जाने की घोषणा की थी। लेकिन महासमुंद जिले में इस योजना के तहत अब तक कोई ठोस कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। परिणामस्वरूप जिले में बड़ी संख्या में आवारा घुमंतू गौ वंशीय पशु इधर-उधर भटक रहे हैं और सड़कों पर बैठे रहते हैं। इससे न केवल यातायात व्यवस्था बाधित हो रही है बल्कि दुर्घटनाओं की संभावना भी लगातार बढ़ रही है। इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए नगर पालिका अध्यक्ष ने नगर के गौ सेवकों, बुद्धिजीवियों, गणमान्य नागरिकों तथा पालिका के समस्त पार्षदों के साथ कुछ दिन पूर्व ही बैठक कर विचार-विमर्श किया था। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत मंडी परिसर में तीन माह के लिए आवारा मवेशियों को रखने के लिए अस्थाई आश्रय स्थल बनाया जाए। इस संबंध में कलेक्टर एवं मंडी प्रशासन को पत्राचार कर सहयोग का अनुरोध किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा इस मानवीय पहल पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए शीघ्र ही मंडी परिसर के शेड में आवारा पशुओं को रखने की व्यवस्था किए जाने का आश्वासन दिया गया है। साहू ने शासन से आग्रह किया है कि ग्रामीण अंचल के साथ साथ शहरी क्षेत्र में भी घुमंतू आवारा पशुओं के स्थाई निवास के लिए गौ धाम की स्थापना की जाए तथा उनके चारा-पानी की समुचित व्यवस्था के लिए बजट का प्रावधान किया जाए।

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में गुरु पूर्णिमा पर योग, हवन एवं गुरु पूजन का आयोजन

**महासमुंद।** गुरु पूर्णिमा पर शहर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित पार्किंग एरिया में महिला पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में योग, गुरु पूजन एवं हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पतंजलि योग समिति की राज्य कार्यकारिणी सदस्य हेमलता साहू के सानिध्य में हुआ। अनिता सिन्हा मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 5:00 बजे योगाभ्यास एवं आध्यात्मिक ध्यान से हुई। इसके पश्चात आर्ष कन्या गुरुकुल की ब्रह्मचारिणी छात्राओं द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पावन यज्ञ-हवन कराया गया। खुशबू आर्य एवं दिव्या आर्य ने स्वयं भगवान गुरु गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। वहीं सुमन वर्मा एवं उनकी टीम द्वारा गुरु भक्ति भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। यज्ञ के पश्चात राज्य कार्यकारिणी सदस्य द्वारा गुरु पूर्णिमा के महत्व पर उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम के दौरान नीतू साहू ने भी गुरु भक्ति पर विचार रखे।

## 650 दीप प्रज्ज्वलित कर मनाई गई संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा शहर मंडल द्वारा 30 जुलाई को संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर संत रविदास मंदिर नायापारा महासमुंद में श्रद्धा, भक्ति एवं सामाजिक समरसता के भाव के साथ 650 दीप प्रज्ज्वलित किए गए। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम के माध्यम से संत रविदास के समानता, समरसता, भाईचारा एवं मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम में राम प्रताप, एतराम साहू, योगेश्वर राजू सिन्हा, डॉ. संपत अग्रवाल, चंद्रहास चंद्राकर, कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर, मनीष बंसल, महेंद्र सिका, आनंद साहू, अग्रज शर्मा, मीना वर्मा, महेंद्र जैन, अमन वर्मा, शरद मराठा, सीता टांडेकर, मनीष शर्मा, पीयूष साहू, सुनीता साहू, भगवती कर्कसे, मैना कोसले, दुर्गा शरवा, पुष्पांजलि सिन्हा, सारिका यादव, हिमांशु चंद्राकर, राजू चंद्राकर, अरविंद प्रहरे, आकाश पांडे एवं अभिषेक पांडे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं समाजजन उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास ने समाज को ऊंच-नीच, जाति-पांति एवं भेदभाव से ऊपर उठकर प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता का संदेश दिया। उनके विचार आज भी समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं और सामाजिक समरसता की प्रेरणा देते हैं। पूरे मंदिर परिसर को दीपों की रोशनी से सजाया गया, जिससे वातावरण अत्यंत भक्तिमय एवं आकर्षक बन गया।



### सड़क में गड्ढे हैं कि गड्ढे में सड़क : अंकित

**महासमुंद।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि खल्लारी विधानसभा में पिथौरा विकासखंड में आने वाले प्रथम ग्राम मुढ़ीपार से गोड़बहाल पहुंच मार्ग की हालत पहली बारिश में ही अत्यंत जर्जर हो चुकी है। यह समझ पाना मुश्किल है कि सड़क में गड्ढे हैं कि गड्ढे में सड़क। अंकित ने बताया कि खल्लारी विधानसभा के पिथौरा विकासखंड अंतर्गत मुढ़ीपार से गौड़बहाल की सड़क जिसमें रोजाना लगभग 10 ग्राम के लोग आना जाना करते हैं। राजाडेरा, जम्हर, खुसरूपाली, कोकोभांठा, छिबर्रा, कोचर्रा, बड़गांव, गोडबहाल, मुढ़ीपार, अर्जुनी गांव की मुख्य सड़क है, जहां से रोज स्कूल आने जाने वाले बच्चे सायकल, बस, छोटा हांथी, कार आदि से आना जाना करते हैं। साथ ही किसान ट्रैक्टर का प्रयोग करते हैं। अंकित ने भाजपा सरकार व वर्तमान जिला अधिकारियों से मांग की है कि तत्काल इस सड़क की रिपेयरिंग की जाए और शीघ्र से इस सड़क के पुनर्निर्माण के लिए टेंडर किया जाए।

# डाइट में छात्राध्यापकों ने किया गुरुओं का सम्मान

### गुरु पूर्णिमा पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में हुए विविध कार्यक्रम

**महासमुंद।** जिला शिक्षा एं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में गुरु पूर्णिमा पर प्राचार्य अरुण कुमार प्रधान, उपप्राचार्य उमादेवी शर्मा के मार्गदर्शन एवं साहित्यिक सांस्कृतिक प्रभारी टेकराम सेन के संयोजन में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य अरुण प्रधान ने कहा कि भारतीय संस्कृति गुरु पूजन पर आधारित रहा है। उप प्राचार्य उमादेवी शर्मा ने छात्राध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि महर्षि वेदव्यास का जन्म दिवस गुरु पूर्णिमा हमें गुरुओं के सामान के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि हमारे प्राचीन धर्मग्रंथों में भी इसका उल्लेख मिलता है।

इस अवसर पर छात्राध्यापकों



द्वारा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। डीएलडी द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापक तनु दीवान द्वारा आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। छात्राध्यापक मुस्कान, रोशन यादव, प्रतिक्षा मिश्रा, प्रिया खड़ाइत, दिया कुम्हार एवं सरेश ने विचार व्यक्त करते हुये गुरु की महिमा का गुणगान किया। इस अवसर पर छात्राध्यापकों के सामूहिक नृत्य ने सभी का हृदय जीत लिया।

संस्थान की ओर से वरिष्ठ सदस्य सुलमा द्विवेदी, के सिंग, संतोष कुमार साहू, टेकराम सेन, सुमन दीवान, दर्गा सिन्हा, तिलोतमा प्रधान, किरण कन्नौजे, लक्ष्मी सिन्हा, ईश्वर चंद्राकर, झरना साहू ने छात्राध्यापकों को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में संस्कार एवं अनुशासन प्रिय जीवन के उदाहरणों से सभी को नई उर्जा दी। साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रभारी टेकराम सेन के गुरुछाया वृक्ष परियोजना के विचार को सभी ने अंगीकार करते हुये इस दिशा में नवीन पहल करने की बात की।

कार्यक्रम में आकांक्षा साहू, गरिमा सिंह राजपूत, योगेंद्र पांड़े, तरुण चंद्राकर, पायल चंद्राकर, ऋतुराज, शैलेंद्र, रेमन, रोशन, इंदुमति, यशोदा, आंचल, प्रया, अमत, फलेश्वरी, समीक्षा, तनु, दुर्गेश, लक्ष्मी, जयंत, तरुणेश, मीना, सुजाता, नीलिमा, पूर्णिमा, भूपेश, महेश, ज्योति, तेजराम का विशेष योगदान रहा। उक्त जानकारी छात्राध्यापक परिषद के अध्यक्ष रोशन यादव ने दी है।

### वृंदावन विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय वृंदावन विद्यालय इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल में गुरु पूर्णिमा का पवित्र पर्व अत्यंत उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां शारदा, भगवान कृष्ण व महर्षि वेदव्यास के समक्ष माल्यापर्ण व दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने अपने सभी गुरुजनों को तिलक लगाकर पुष्पगुच्छ भेंट किया। विद्यालय के संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन ने अपने संबोधन में महर्षि वेदव्यास के जीवन पर प्रकाश डाला और भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को समझाया। संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने कहा कि यह दिन उस शक्ति को समर्पित है, जिसके बिना ज्ञान, सफलता, और जीत तीनों अधूरे हैं, वह शक्ति हमारे गुरु हैं। भारतीय संस्कृति में गुरु को ही ईश्वर-तुल्य माना गया है, जो अंधकार को ज्ञान के प्रकाश से दूर कर देते हैं। उपप्राचार्य इंदु मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में जो भी अच्छाई, संस्कार और सफलता है, वो सब हमारे गुरुओं की वज़ह से है। वरिष्ठ शिक्षिका ऊर्मिला अग्निहोत्री ने गुरु की महिमा का बखान करते हुए, “गुरु गोबिंद दोऊ खड़े, काके लागूं पाय“ दोहे का भाव बड़े सरल शब्दों में समझाया। वरिष्ठ शिक्षिका अमृता चंद्राकर ने सभी को गुरु पूर्णिमा का महत्व बतलाते हुए बधाई दी। कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यार्थियों ने गुरु का महिमा पर आधारित सुंदर व प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किए, तथा निबंध व कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को प्रसाद के रूप में मिठाई वितरित की गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक होमेश साहू एवं आभार प्रदर्शन शिक्षक अमन वर्मा ने किया।

## खबर संक्षेप



### बालिका शिक्षा के छात्राओं ने भेजी वीर सैनिकों के लिए स्वनिर्मित राखी

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ में आगामी त्योहार रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में ऑपरेशन सिपाही रक्षा-सूत्र अभियान चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य सरहद पर तैनात वीर जवानों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करना हैं। इस अभियान के तहत सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रांतीय बालिका शिक्षा प्रभारी मनोज साहू एवं विद्यालय के बालिका शिक्षा प्रभारी दुर्गेश नंदिनी चंद्राकर के नेतृत्व में बालिका शिक्षा के छात्राओं द्वारा बहादुर सैनिकों के सम्मान एवं समर्थन के लिए रक्षा सूत्र महिला एवं बाल विकास विभाग को सौंपा गया। विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा ने सरकार के इस पहल की सराहना की। साथ ही बच्चों को ऐसे कार्यक्रम में आगे आने के लिए प्रेरित किया।

### एक पेड़ मां के नाम पर सोरिद में रोपे गए पौधे



**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सोरिद को हरित विद्यालय बनाने इको क्लब मिशन फॉर लाइफ अंतर्गत एक कदम प्रकृति की ओर थीम पर पर्यावरण संरक्षण व स्वस्थ और हरित भविष्य के उद्देश्य से औषधीय पौधे आंवला, गिलोय, एलोवेरा तुलसी, नीलगिरी एवं फलदार पौधों में जामुन, मौसंबी, अमरूद, नींबू, गुलमोहर के पौधों शाला परिसर में रोपण कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण चंद्राकर रहे। अध्यक्षता प्रधान पाठक सोहनलाल साहू ने की। अतिथियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। समस्त ग्रामवासियों को अपने खेतों एवं खुले जगह पर पौधा लगाकर संरक्षण करने अपील की है। इस अवसर पर शिक्षक सीएच एल्विना, तारकेश्वरी मानिकपुरी, शांतनु वर्मा, बीएड छात्र अध्यापक करीना बिसवाल, लिप्सामई नायक, प्रीति प्रधान, किरण डडसेना, ज्योति विशाल एवं समस्त छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए ।

### जनसमस्या निवारण शिविर 18 को

**कांकेर।** आमजनता की शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर 18 अगस्त मंगलवार को नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत देवीनवागांव में आयोजित किया जाएगा।

# श्रावण के प्रथम दिन से शुरू हुआ एक माह का महारुद्राभिषेक व हवन-पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा परिवार द्वारा लगातार 11वें वर्ष में श्रावण मास में महारूद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को श्रावण मास के प्रथम दिन एक माह का महारूद्राभिषेक एवं हवन-पूजन कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी विशाल मेगा मार्ट परिसर के पास विधायक जनदर्शन कार्यालय के पीछे करवाया जा रहा है।

प्रथम दिन सुबह 9 बजे से वेदी पूजा के साथ एक माह तक चलने वाले महारूद्राभिषेक की शुरुआत हुई। वेदी पूजा के बाद अलग-अलग स्थानों से आए पुरोहितों द्वारा रूद्राभिषेक अनुष्ठान कराया गया। बाद दोपहर करीब 12 बजे आरती हुई। प्रथम दिन से ही नगर के श्रद्धालु अनुष्ठान में शामिल होने पहुंच रहे हैं। सुबह 9 बजे से ही नगर में हवन पूजन अनुष्ठान की भक्तिमय गूंज से शिवमय हो गया।



इसके बाद हवन किया गया और आरती के बाद प्रथम दिन के अनुष्ठान का समापन हुआ। इसी प्रकार एक माह तक प्रतिदिन हवन पूजन और रुद्राभिषेक का कार्यक्रम चलेगा। इस एक माह के हवन पूजन के दौरान रुद्राक्ष वितरण भी किया जाएगा। साथ ही प्रतिदिन रामायण मंडली की प्रस्तुति भी रहेगी।

### सोमवार को होगा रुद्राक्ष वितरण

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महारूद्राभिषेक एवं हवन-पूजन के दौरान रुद्राक्ष का वितरण किया जाएगा। श्रावण मास का प्रथम सोमवार 3 अगस्त को है इस दिन रुद्राक्ष वितरण होगा। इसके बाद आने वाले 10 अगस्त, 17 अगस्त और 24 अगस्त को सोमवार के दिन रुद्राक्ष वितरण किया जाएगा। श्रद्धालुगण श्रावण के पवित्र मास में आयोजित महारूद्राभिषेक एवं हवन-पूजन में शामिल होकर पुण्यलाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# वीएसके एप की तकनीकी खामियां दूर किए बिना कर्मचारियों का वेतन कटौती अन्यायपूर्ण रवैया

## ऑफलाइन उपस्थिति पंजी के सत्यापन और बायोमेट्रिक व्यवस्था की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने वीएसके ऐप के माध्यम से आनलाइन उपस्थिति के आधार पर वेतन आहरण और कम उपस्थिति पर वेतन कटौती संबंधी रोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) के आदेश पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक टेकराम सेन ने बताया कि वीएसके ऐप में व्याप्त तकनीकी खामियों को दूर किये बिना वेतन काटना कर्मचारियों के साथ अन्याय होगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में वीएसके ऐप में तकनीकी समस्याएं बनी हुई है। नेटवर्क, लोकेशन और दूरी संबंधी त्रुटियों के कारण समय पर विद्यालय पहुंचने वाले शिक्षकों/कर्मचारियों की उपस्थिति भी कई बार दर्ज नहीं हो पाती। ऐसे में केवल ऐप के आधार पर वेतन काटने का निर्णय उचित नहीं होगा। महामंत्री दिलीप तिवारी ने कहा कि विद्यालयों में शिक्षक नियमित रुप से पंजी मेंहस्ताक्षर कर रहे हैं तो उसके भौतिक सत्यापन को नजरअंदाज क्यों किया जा रहा है। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की ओर से ईश्वर चंद्राकर ने कहा कि अधिकांश शिक्षकों ने निजी मोबाइल में डेटा सुरक्षा संबंधी चिंताओं के बावजूद वीएसके ऐप डाउनलोड किया है, लेकिन तकनीकी समस्याओं का समादान अब तक नहीं हो पाया है।

फेडरेशन की ओर से संदीप तिवारी, अनिल कोसरिया, उमेश साहू ने मांग की है कि वीएसके ऐप के बजाय पूरे प्रदेश में बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू की जाए। कर्मचारी नेता उमेश भारती गोस्वामी, दीपक तिवारी, चमन चंद्राकर, सिराज बक्श, ओमनारायण शर्मा, अरुण कुमार प्रधान ने कहा कि तकनीकी रुप से अस्थिर ऐप के आधार पर वेतन रोकना या कटौती करना स्वीकार्य नहीं है। तत्संबंध में फेडरेशन के जिला संयोजक टेकराम सेन के नेतृत्व में संयुक्त कलेक्टर आशीष कर्मा को शिक्षामंत्री छग शासन एवं सचिव स्कूल शिक्षा विभाग एवं संचालक डीपीआई का ज्ञापन सौंपा गया। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की ओर से प्रमोद तिवारी, अशोक गिरि गोस्वामी, कमलेश ध्रुव, डॉ. रामकुमार चंद्राकर, एसपी ध्रुव, मनीष ठाकुर, शिव कुमार साहू, राकेश थवाईत, ईश्वर चंद्राकर, सिराज बक्श, ओमनारायण शर्मा, संदीप तिवारी, कमल यादव, एमएल ध्रुव, बीपी मेश्राम, उमेश साहू, मनीष श्रीवास्तव, दीपक तिवारी सहित पदाधिकारियों ने उक्त आदेश को अन्यायपूर्ण बताया है।



### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व

**कोमाखान।** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गुरुपूर्णिमा का उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य टिकेश्वर उपाध्याय एवं समस्त आचार्य दीदी द्वारा माँ भारती, प्रणव अक्षर ओम एवं सरस्वती माता साथ ही महर्षि वेदव्यास के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भैया-बहनों द्वारा आचार्य, दीदी को पुष्पगुच्छ एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। मध्य में भैया-बहनों द्वारा गुरु पर्व पर गीत, कविता, प्रेरक प्रसंग, कबीर वाणी, अंग्रेजी कथन एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। अंत में प्रधानाचार्य द्वारा सभी भैया-बहनों को गुरु पर्व का महत्व बताया गया। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रमुख ललिता सेन एवं गौरव चौरे ने किया। उत्सव की सफलता में आचार्य केयर भूषण, त्रिवेणी, लता, माधवी, रजनी, संजूसिंह, समीक्षा, लीला, भारती एवं आया सुनीता का प्रशंसनीय योगदान रहा।

# लोकसभा में लोक परीक्षा संशोधन विधेयक 2026 पारित होना युवाओं के हितों के लिए ऐतिहासिक निर्णय : स्वप्निल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने लोकसभा में लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026 के पारित होने का स्वागत करते हुए इसे देश के करोड़ों युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की सुरक्षा तथा पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं निर्णायक कदम बताया है।

स्वप्निल तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार लगातार ऐसी व्यवस्थाएं विकसित कर रही है, जिनसे युवाओं की मेहनत, प्रतिभा और ईमानदारी को उचित सम्मान मिले। यह संशोधन विधेयक प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक, नकल माफिया और संगठित परीक्षा अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में एक मजबूत कानूनी आधार प्रदान करेगा। उन्होंने कहा



कि वर्षों से प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों की मेहनत को कुछ असामाजिक तत्व पेपर लीक और अनुचित साधनों के माध्यम से प्रभावित करते रहे हैं। अब ऐसे अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित होगी और परीक्षा प्रक्रिया अधिक सुरक्षित, विश्वसनीय एवं पारदर्शी बनेगी। इससे युवाओं का प्रतियोगी परीक्षाओं पर विश्वास और मजबूत होगा।

स्वप्निल तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि देश का भविष्य केवल योग्यता, परिश्रम और ईमानदारी के आधार पर तय होगा, किसी भी प्रकार की धांधली या भ्रष्टाचार के आधार पर नहीं। यही विकसित भारत के निर्माण की मजबूत नींव है। उन्होंने लोकसभा में इस महत्वपूर्ण विधेयक को पारित कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री तथा सभी सांसदों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कानून केवल परीक्षा सुधार का माध्यम नहीं, बल्कि देश के युवाओं के सपनों और विश्वास की रक्षा का सशक्त संकल्प है। यह निर्णय आने वाले वर्षों में भारत की भर्ती एवं परीक्षा प्रणाली को और अधिक निष्पक्ष, पारदर्शी तथा विश्वसनीय बनाने में मील का पत्थर सिद्ध होगा।



### महानदी का जलस्तर बढ़ने से इंटेकवेल में रात्रि पाली के तीन कर्मचारी सुरक्षित, प्रभारी ने किया निरीक्षण

**महासमुंद।** महानदी में जलस्तर बढ़ने के कारण नगर पालिका परिषद महासमुंद के इंटेकवेल में रात्रि पाली में कार्यरत तीन कर्मचारी एहतियातन इंटेकवेल परिसर में ही रुके हुए हैं। तीनों कर्मचारी पूरी तरह सुरक्षित हैं तथा उनके लिए भोजन, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई हैं। घटना की जानकारी मिलते ही नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने जल प्रभारी दुर्गेश कुंजेकार एवं संबंधित अधिकारियों को इंटेकवेल पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण करने का निर्देश देते हुए कर्मचारियों की सुरक्षा एवं पेयजल आपूर्ति व्यवस्था करने कहा। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि नगरवासियों को किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। इंटेकवेल में कार्यरत तीनों कर्मचारी पूर्णतः सुरक्षित हैं। महानदी का जलस्तर सामान्य होते ही उन्हें सुरक्षित वापस लाया जाएगा। नगर पालिका प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है तथा शहर की पेयजल व्यवस्था को निर्बाध बनाए रखने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। नपाध्यक्ष ने नागरिकों से अपील किया है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें तथा प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें।

### शिशु संस्कार केंद्र में छात्र संघ का गठन नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

**महासमुंद।** शिशु संस्कार केंद्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए छात्र संघ का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह हुआ। कार्यक्रम में शाला की प्राचार्य सरला सोनी, चंद्रकांता ठाकुर एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। समारोह के दौरान शाला प्राचार्य द्वारा नवनिर्वाचित छात्र संघ अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों को बैज लगाकर पदभार सौंपा गया। पश्चात सभी पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता तथा शाला के प्रति अपने कर्तव्यों, उत्तरदायित्वों और अनुशासन का निष्ठापूर्वक पालन करने की शपथ दिलाई गई। मनोनीत छात्र संघ पदाधिकारी में (अध्यक्ष बालक) आदित्य साहू (12वीं अ) व (अध्यक्ष बालिका) करूणा जोशी (12वीं अ), उपाध्यक्ष (बालक) सौरभ सिंह चौहान (11वीं ब) उपाध्यक्ष (बालक) योगेश्वर कुमार साहू (11वीं ब), सचिव चूडामणि यादव (10वीं अ), सचिव तनुष्का पटेल (10वीं ब), सह-सचिव ऋषभ देवांगन (9वीं ब) सह-सचिव योगेश कुमार साहू (9वीं ब) शामिल है।



# वीएसके एप के नाम पर वेतन कटौती बर्दाश्त नहीं: फेडरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सिराज बक्श, ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल ध्रुव, बीपी मेश्राम ने शिक्षा विभाग द्वारा वीएसके एप के नाम पर शिक्षकों के वेतन में कटौती की चेतावनी एवं आदेश को पूरी तरह अन्यायपूर्ण, तानाशाहीपूर्ण और शिक्षक विरोधी करार दिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग लगातार शिक्षकों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने में लगा हुआ है। कभी वीएसके एप, कभी टीईटी और कभी अन्य प्रशासनिक आदेशों के नाम पर शिक्षकों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। अब बिना कारण बताओ नोटिस दिए, बिना शिक्षक का पक्ष सुने केवल ऑनलाइन उपस्थिति के आधार पर वेतन काटने की तैयारी प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का खुला उल्लंघन है। शिक्षक पदाधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वीएसके में तकनीकी समस्या अधिक है। सभी समस्याओं से अवगत कराने के साथ साथ लिखित आवेदन के माध्यम से प्रमाण के साथ प्रस्तुत किया गया है। जिसमें सभी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। साथ ही कई दिन ना तो चेक इन होता है और ना ही चेक आउट ऐसे स्थिति में सीधा वेतन काटने का फरमान जारी करना प्रासंगिक नहीं है। वीएसके एप के नाम पर किसी भी डीडीओ ने नियमों की अनदेखी करते हुए किसी शिक्षक का वेतन काटा, तो समग्र शिक्षक फेडरेशन चुप नहीं बैठेगा। विभाग को आर-पार के आंदोलन के लिए तैयार रहना होगा। विभाग वीएसके एप की कार्यालय में प्रमाणित दर्ज समस्याओं का निराकरण नहीं कर रहा और अपनी गलती छुपाने जो शिक्षक स्कूल में ईमानदारी उपस्थित होकर अपना कार्य कर रहे उसको सिर्फ एप के माध्यम से आकलन कर वेतन काटना मानसिक रूप से प्रताड़ति किया जाना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लगभग 80 प्रतिशत शिक्षक वीएसके एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। शेष शिक्षकों को किन तकनीकी, नेटवर्क अथवा अन्य व्यावहारिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, इसकी जांच करने के बजाय दमनात्मक कार्रवाई करना विभाग की असंवेदनशील कार्यशैली को दर्शाता है। फेडरेशन ने आरोप लगाया कि कुछ अधिकारी अफसरशाही की आड़ में तानाशाही कर रहे हैं और शिक्षकों को भयभीत करने का प्रयास कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शिक्षा व्यवस्था को ख़राब करने का काम कर रहे हैं। यह रवैया किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। शिक्षक सम्मान के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं, इसलिए उनके आत्मसम्मान पर चोट करने वाले किसी भी आदेश का पुरजोर विरोध किया जाएगा। समग्र शिक्षक फेडरेशन ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि वीएसके एप के आधार पर वेतन कटौती संबंधी आदेश तत्काल वापस लिया जाए। वीएसके एप के समस्त तकनीकी खामियों को दूर कर सभी शिक्षकों को शिविर लगाकर उनके अटेंडेंस में आ रही परेशानी का निराकरण करें, बिना निराकरण किये अगर वेतन की कटौती किया जाता है तो जिले से लेकर उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा।

## सफाई मित्रों ने जब्त किया 4 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर पालिका द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पालिका के सफाई मित्रों के अमले द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अचानक निरीक्षण एवं जांच अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान प्रतिबंधित लगभग 4 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त किया गया। अचानक हुई इस कार्रवाई से बाजार क्षेत्र के व्यापारियों में हड़कंप मच गया। कई व्यापारियों ने तत्काल प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री हटाते हुए भविष्य में इसका उपयोग नहीं करने का आश्वासन दिया। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य एवं पशुओं के लिए अत्यंत हानिकारक है। नगर को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के लिए इस पर प्रतिबंध का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जाएगी। हमारा उद्देश्य दंड देना नहीं, बल्कि लोगों को जागरूक कर जनसहभागिता से प्लास्टिक मुक्त महासमुंद का निर्माण करना है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा ने बताया कि नगर पालिका का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। सभी व्यापारियों को पूर्व में भी प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की समझाइश दी जा चुकी है। इसके बावजूद उल्लंघन पाए जाने पर जब्ती एवं नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। सभी व्यापारी पर्यावरण हितैषी विकल्पों को अपनाकर नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें। उन्होसभी नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे कपड़े, जूट अथवा अन्य पर्यावरण अनुकूल सामग्री का उपयोग करें तथा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का पूर्णतः बहिष्कार कर स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त महासमुंद के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।



**खबर संक्षेप**





## सावन लगते ही घर के दीवारों पर बनाए गोबर के निशान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में सावन लगते ही महिलाओं ने अपने घर की दीवारों पर गोबर से निशान बनाते नजर आए। ग्रामीण ने इसे सावनाही टोटका बताया। छत्तीसगढ़ के गांव-गांव में वर्षों से चली आ रही यह परंपरा कायम है। गांव में गोबर का निशान बाहरी दूषित बुरी हवाओं से घर-परिवार की सुरक्षा के लिए बनाया जाता हैं।

## पॉलीटेक्निक में डिप्लोमा प्रवेश के लिए काउंसिलिंग 13 को

**महासमुंद।** शासकीय पॉलीटेक्निक में डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के अंतर्गत सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल एवं कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग शाखाओं में प्रवेश के लिए चतुर्थ चरण की संस्था स्तरीय काउंसिलिंग आयोजित की जाएगी। शासकीय पॉलिटेक्निक के प्राचार्य ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 31 जुलाई से 8 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन कर काउंसिलिंग के लिए अपना विकल्प भर सकते हैं।



## खल्लारी स्कूल में शाला प्रबंधन समिति का हुआ गठन

**महासमुंद।** बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खल्लारी में गुरुवार 30 जुलाई को शाला विकास व प्रबंधन समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों का गठन पालकों के सुझाव और सर्वसहमति से किया गया। जिस प्रबंधन समिति में अध्यक्ष भगत मन्नाडे, उपाध्यक्ष राजेंद्र सेन का चयन किया गया। वहीं सदस्यों में हेमु दिवान, भोजराम यादव, दिलीप कुमार साहू, सरोजनी चंद्राकर, मीना मानिकपुरी, शिक्षाविद कैलाश चंद्राकर एवं आमंत्रित सदस्यों में ग्राम पंचायत खल्लारी के सरपंच पुष्पेंद्र साहू व विद्यालय के व्याख्याता सुमन चंद्राकर, एलडी चंद्राकर को बनाया गया है।

## प्रयास विद्यालय के लिए जिज्ञासा ठाकुर का चयन

**कोमाखान।** शासकीय आदिवासी कन्या छात्रावास (आश्रम) कोमाखान की छात्रा जिज्ञासा ठाकुर का चयन प्रयास विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर में हुआ है। छात्रा जिज्ञासा पिता स्व देवसिंग ठाकुर एवं माता पूर्णिमा ठाकुर (ग्राम द्वारतलाकला निवासी) की सुपुत्री है। जिज्ञासा के चयन पर कन्या आश्रम अधीक्षिका के अलावा आश्रम शाला के शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा उनके परिजनों व पालक समिति व शाला विकास, प्रबंधन के पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है।



# नीति तारा से एक क्लिक पर मिलेगी योजनाओं की पूरी जानकारी

## नीति आयोग की अत्याधुनिक प्रोजेक्टर डिवाइस का जिले में प्रदर्शन, आकांक्षी क्षेत्रों में जागरूकता को मिलेगा नया आयाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की उपस्थिति में जिला पंचायत सभाकक्ष में नीति आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई अत्याधुनिक नीति तारा (टूलकिट फॉर एनालिसिस रिव्यू एंड एक्शन) प्रोजेक्टर डिवाइस का प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डिवाइस के संचालन और उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने निर्देश दिए कि नीति आयोग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी चिन्हांकित ग्रामों, आकांक्षी विकासखंडों और दूरस्थ क्षेत्रों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाई जाए, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुपमा आनंद ने बताया कि नीति तारा एक स्मार्ट डिजिटल प्रोजेक्शन डिवाइस है, जिसके माध्यम से नीति आयोग के पोर्टल, योजनाओं, वीडियो, प्रशिक्षण सामग्री तथा जनजागरूकता संबंधी कंटेंट को बिना जटिल तकनीकी प्रक्रिया के एक क्लिक पर प्रदर्शित किया जा सकता है।

नीति आयोग से पहुंचे प्रशिक्षक विजय सोलंकी ने जानकारी दी कि महासमुंद जिले के लिए दो डिवाइस उपलब्ध कराई गई हैं। इनमें एक महासमुंद विकासखंड



तथा दूसरी पिथौरा विकासखंड के लिए प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि इस डिवाइस में इन-बिल्ट स्पीकर, उच्च गुणवत्ता वाला प्रोजेक्शन सिस्टम तथा लगभग 300 इंच तक का डिस्प्ले उपलब्ध है, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को एक साथ योजनाओं की जानकारी देना आसान होगा।

उन्होंने बताया कि नीति तारा विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों, विद्यालयों, पंचायत भवनों, सामुदायिक सभाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और जन-जागरूकता अभियानों के लिए तैयार की गई है। यह इंटरनेट उपलब्ध होने पर नीति आयोग के डिजिटल पोर्टल से सामग्री प्रदर्शित कर सकती है तथा आवश्यकता पड़ने पर ऑफलाइन सामग्री का भी प्रदर्शन किया जा सकता है। इससे अधिकारियों एवं मैदानी अमले को योजनाओं की जानकारी सरल, रोचक और प्रभावी तरीके से लोगों तक पहुंचाने में सहायता मिलेगी। इसका उद्देश्य आकांक्षी जिला कार्यक्रम तथा आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, कौशल विकास, वित्तीय समावेशन और आधारभूत सेवाओं से जुड़ी योजनाओं के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना है। डिजिटल माध्यम से जानकारी उपलब्ध होने से योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता और जनभागीदारी को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, विकासखंड स्तरीय अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

**स्वास्थ्य सुविधा :** ई-कार्ड से होगा सभी प्रकार की बीमारी का कैशलेस इलाज

# राज्य के शासकीय सेवकों के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना का ड्राफ्ट तैयार : चटर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य में शासकीय सेवक और उसके परिवार को अब साधारण अथवा गंभीर बीमारी के इलाज के लिए आर्थिक संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ सरकार के कैशलेस चिकित्सा योजना लागू करने के निर्णय से शासकीय सेवकों का सपना साकार होने जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के मुख्य बजट में बाकायदा 100 करोड़ रुपयों का प्रावधान किया गया है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन जिला के जिलाध्यक्ष चमन चंद्राकर ने बताया कि छत्तीसगढ़ के तकरीबन 5 लाख कर्मचारी और उनके आश्रित परिवारजनों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा योजना के कार्ययोजना को अंतिम रूप देने मंत्रालय में अमित कटारिया सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन की अध्यक्षता में आयोजित अति- महत्वपूर्ण बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष को आमंत्रित किया गया। प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी ने भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना महानिदेशालय के. स्वा.यो. भवन दिल्ली के कार्यालय ज्ञापन की कॉपी सौंपकर स्वास्थ्य सचिव को बताया कि केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) की पैकेज दर के अनुसार केंद्रीय सरकार के पेंशनर्स एवं अन्य विशिष्ट वर्ग के लाभार्थियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है, जोकि 13 अक्टूबर 2025 से प्रभावशील है। अतः छत्तीसगढ़ राज्य के पेंशनर्स एवं अन्य विशिष्ट वर्ग के लाभार्थियों को सीजीएचएस की पैकेज दर पर कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने पर विचार करने का प्रस्ताव



दिया है।

उन्होंने बताया कि कैशलेस चिकित्सा योजना लागू हो जाने से छत्तीसगढ़ राज्य में शासकीय सेवक और उसके परिवार को अब साधारण अथवा गंभीर बीमारी के इलाज के लिए आर्थिक संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ सरकार के कैशलेस चिकित्सा योजना लागू करने के निर्णय से शासकीय सेवक का सपना साकार होने जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के मुख्य बजट में बाकायदा 100 करोड़ का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिये कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष द्वारा राज्य सरकार को दिया गया था। प्रस्तुत प्रस्ताव के सुझावों को कैशलेस चिकित्सा योजना में शामिल किया गया है। उन्होंने शासकीय सेवक को वर्तमान उपलब्ध चिकित्सा सुविधा एवं कैशलेस चिकित्सा सुविधा की विस्तृत जानकारी दिया है। पहले कर्मचारी/परिजनों के इलाज का खर्चा कर्मचारी प्रारंभ में स्वयं व्यय करता था। तत्पश्चात चिकित्सा में हुए व्यय का बिल जमा करने के बाद शासन से प्रतिपूर्ति प्राप्त करता था। जो कि अत्यंत जटिल प्रक्रिया से गुजरने वाला था। लेकिन अब कैशलेस चिकित्सा योजना में कर्मचारी को बहुत बड़ा राहत मिलेगा। अब कर्मचारी को ई-कार्ड मिलेगा। जिसके तत्काल ऑनलाइन वेरिफिकेशन से आवश्यक चिकित्सा सुविधा बिना एडवांस राशि जमा किये प्रारंभ हो जाएगा, जो कि बहुत बड़ी राहत है। पुराने प्रक्रिया में रेफर का प्रावधान था। लेकिन अब रेफर के प्रावधान को समाप्त कर दिया गया है। पहले प्रारंभ से अंतिम तक इलाज का संपूर्ण व्यय का भुगतान कर्मचारी खुद वहन करता था। लेकिन अब नए योजना में प्रारंभ से अंतिम तक इलाज का संपूर्ण व्यय का भुगतान राज्य शासन द्वारा ऑनलाइन द्वारा सीजीएचएस के दर पर सीधे हॉस्पिटल को होगा। इससे बिल पास कराने के लिये कार्यालयों में चक्कर लगाने और भ्रष्टाचार से कर्मचारियों को मुक्ति मिलेगा। उन्होंने बताया कि नये कैशलेस चिकित्सा योजना में कर्मचारी द्वारा उपचार एवं मेडिकल देयकों की जांच- पड़ताल एआई आधारित ट्रिगर विश्लेषण एवं राष्ट्रीय धोखाधड़ी विरोधी इकाई के माध्यम से होगा। इससे फर्जी मेडिकल बिल पर नकेल कसने की तैयारी है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने कैशलेस चिकित्सा योजना को कर्मचारियों के सपनों को सरकार द्वारा साकार करने का योजना निरूपित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं मुख्य सचिव विकासशील का विशेष आभार माना है। साथ ही स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया तथा योजना को मूर्तरुप देने वाले स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# पर्रापाट नहर का सिंचाई विभाग ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

ग्राम पर्रापाट स्थित सिंचाई नहर का 29 जुलाई को संबंधित अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद तैयार प्रतिवेदन में अत्यधिक बारिश के कारण नहर के आसपास की निकासी नहीं हो पा रही है तथा नहर के क्षतिग्रस्त होने के खतरे का उल्लेख किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि नहर की क्रॉसिंग में आई दरार से लंबे समय से लगातार पानी का रिसाव हो रहा है, जिससे आसपास के खेतों में जलभराव की स्थिति बन रही है और किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। हालांकि, उपलब्ध निरीक्षण प्रतिवेदन में क्रॉसिंग की दरार और उससे हो रहे जल रिसाव का अलग से उल्लेख नहीं किया गया है। प्रतिवेदन में मुख्य रूप से मिट्टी के कटाव और संभावित दुर्घटना की आशंका का जिक्र किया गया है।



**नवपदस्थ थाना प्रभारी से यादव महासभा ने की सौजन्य मुलाकात**

**सरायपाली।** थाना सरायपाली में नवपदस्थ थाना प्रभारी (निरीक्षक) रितेश कुमार यादव से अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव, कार्यकारी जिलाध्यक्ष डॉ पवन कुमार यादव, राजेंद्र कुमार यादव राजू, जय यादव, मयंक यादव, दीपक माखीजा (पत्रकार) ने सौजन्य मुलाकात कर पुष्प गुच्छ से स्वागत किया।

# सरकार को जान-माल और फसलों की चिंता नहीं: आप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नेशनल हाईवे सहित जिले की प्रमुख सड़कों

- जिले के नेशनल हाईवे और प्रमुख मार्गों पर दिन-रात मवेशियों का जमावड़ा

पर आवारा मवेशियों के जमावड़े से लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं और किसानों की फसलों को हो रहे भारी नुकसान को लेकर आम आदमी पार्टी ने कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम डिप्टी कलेक्टर तेजराम ध्रुव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि जिले में नेशनल हाईवे और प्रमुख मार्गों पर दिन-रात मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। कई लोगों की जान जा चुकी है और अनेक लोग घायल हो चुके हैं, बावजूद इसके प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। आप ने यह भी उल्लेख किया कि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा है कि अगर नेशनल हाईवे से जानवरों को नहीं हटा सकते तो टोल टैक्स वसूलने का कोई अधिकार नहीं है। इसके बावजूद छत्तीसगढ़ में स्थिति जस की तस बनी हुई है, जो सरकार की लापरवाही को उजागर करता है। साथ ही किसानों की चिंता का मुद्दा भी उठाते हुए कहा गया कि खुले में घूम रहे मवेशी किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस दौरान प्रदेश सचिव संजय यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर, जिलाध्यक्ष राकेश झाबक सहित आप कार्यकर्ता मौजूद रहे। इन्होनें प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो पार्टी उग्र आंदोलन को बाध्य होगी।

# खट्टा संकुल केंद्र में विदाई समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संकुल केंद्र खट्टा में स्वामी आत्मानंद विद्यालय पटेवा में पदस्थ प्राचार्य समीरचंद्र प्रधान की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान संकुल केंद्र खट्टा के प्रतिनिधि शिक्षक गेंदलाल कोकड़िया ने बताया कि स्वामी आत्मानंद विद्यालय पटेवा के प्राचार्य समीरचंद्र प्रधान का शिक्षा जगत में नाम हमेशा अविस्मरणीय रहेगा। प्रधान ने महासमुंद डीएमएस, पटेवा स्वामी आत्मानंद और सागर मध्य प्रदेश में 37 वर्ष शिक्षा जगत को समर्पित किए। उन्होंने बच्चों की अभिव्यक्ति क्षमता, समय नियोजन, समय के पाबंदी, छुट्टी के दिन भी विद्यालय आयोजित




करना, चित्रकला, कविता, घर-घर जाकर बच्चों को स्कूल तक अपने कार में लाना, स्काउट गाइड, जीवन विद्या अध्ययन व चेतना विकास मूल्य शिक्षा के लिए अनेक कार्य क्रम आयोजित किए। प्रधान ने संकुल केंद्र खट्टा के प्राचार्य लिकेश कुमार साहू, समन्वयक सुरेश कुमार साहू, ओमनारायण शर्मा वरिष्ठ शिक्षक, शिक्षक गेंदलाल कोकड़िया व संकुल केंद्र खट्टा के सभी शिक्षकों के प्रति आभार जताया। साथ ही मानवीय मूल्यों की शिक्षा के अंतिम श्वास तक समर्पित रहने का संकल्प दोहराते हुए जीवन विद्या अध्ययन को एक बेहतर शिक्षक और बेहतर इंसान बनाने का बेहतरीन तरीका बताया। ओमनारायण शर्मा ने प्रधान को एक आदर्श नीति निर्धारक और सिद्धांत प्रिय व्यक्ति बताया। इस अवसर पर सुरेश कुमार साहू, दुलारी चंद्राकर बोडरा, लखन साहू खट्टा, चंद्रभान ध्रुव मानपुर आदि मौजूद रहे।

## गुरु पूर्णिमा पर रुद्राभिषेक के साथ ही राष्ट्ररक्षा, गौ रक्षा का दिया संदेश

**महासमुंद।** गुरु पूर्णिमा पर पीठ परिषद, आदित्य, आनंद वाहिनी द्वारा राम मंदिर परिसर में रूद्रा अभिषेक, हनुमान चालीसा पठन, प्रसाद वितरण किया गया। गोष्ठी में पूरी पीठाधीश्वर जगत गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाभाग के जीवन व हिंदू राष्ट्र के संकल्प की जानकारी देते हुए प्रमोद तिवारी ने गुरुदेव द्वारा दिए गए राष्ट्ररक्षा, गौ रक्षा, शिक्षा पद्धति पर उनके संदेश की जानकारी प्रदान की। सुशील शर्मा, अश्वनी तिवारी, बीएन गुप्ता, दुर्गेश चंद्राकर ने संगठन को मजबूत कर एक रुपया व एक घंटे के संकल्प हेतु अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने पर अपने विचार रखे। आनंद वाहिनी से सरिता तिवारी, मंजू शर्मा, वाणी तिवारी, विनीता शर्मा ने समाज राष्ट्र के नवनिर्माण, सनातन मान बिंदुओं की रक्षा में मातृ शक्ति की भूमिका पर गुरुदेव के विचारों से अवगत कराया। साथ ही प्रत्येक मंगलवार और गुरुवार को मंदिरों में भजन, हनुमान चालीसा व सेवा प्रकल्पों को बताया। पूजा वअभिषेक आचार्य द्वय पं. संतोष शर्मा और अजय पांडे ने विधिवत पूर्ण कराया। बाल वाहिनी के नन्हे सदस्य अंगद तिवारी ने राधा नामावली वा मनमोहक भजन से सबका मन मोह लिया। भिलाई से संगीता शर्मा, ब्राह्मण महिला समाज अध्यक्ष राजेश्वरी तिवारी आदि मौजूद रहे।




# गवर्नमेंट आर्ट्स एंड कॉमर्स गर्ल्स कॉलेज रायपुर में लक्ष्मी मिलेट कैफे की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

साथी परियोजना अंतर्गत रायपुर स्थित गवर्नमेंट आर्ट्स एंड कॉमर्स गर्ल्स कॉलेज रायपुर में लक्ष्मी मिलेट कैफे का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मिलेट एवं उससे तैयार विभिन्न उत्पादों के पोषण संबंधी लाभ, उपयोगिता तथा आमजन में मिलेट के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम मुख्य अतिथि चंद्रहास चंद्राकर (अध्यक्ष, राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड), शताब्दी पांडेय (पूर्व अध्यक्ष, बाल संरक्षण आयोग), डॉ. गजेंद्र चंद्राकर (नोडल अधिकारी, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर), डॉ. अमिताभ बनर्जी (अपर संचालक उच्च शिक्षा ) तथा संजय जोशी (वरिष्ठ समाज सेवी एवं पूर्व सदस्य माध्यमिक शिक्षा मंडल) विशेष अतिथि एवं अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य उषा किरण अग्रवाल ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चंद्रहास चंद्राकर द्वारा फीता काटकर लक्ष्मी मिलेट कैफे का विधिवत उद्घाटन कर किया गया। उद्घाटन उपरांत अतिथियों ने मिलेट से तैयार विभिन्न उत्पादों का अवलोकन किया तथा उनके पोषण एवं स्वास्थ्य लाभों की सराहना की। अपने संबोधन में चंद्रहास चंद्राकर ने भारत की समृद्ध संस्कृति और मिलेट्स के गहरे संबंध पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे पूर्वज



सदियों से मिलेट आधारित भोजन का सेवन करते थे, जिसके कारण उनका स्वास्थ्य बेहतर रहता था। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मिलेट्स को वैश्विक पहचान दिलाने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आज भारत पुनः अपनी पारंपरिक एवं पौष्टिक खाद्य संस्कृति की ओर लौट रहा है। डॉ. गजेंद्र चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में जल, पोषण एवं सतत विकास के परस्पर संबंध पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण, पौष्टिक आहार तथा स्थानीय खाद्य प्रणालियां एक स्वस्थ एवं आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव हैं। शताब्दी पांडेय ने पोषण के क्षेत्र में अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने स्वयं मिलेट्स को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाया है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए मिलेट्स एक सरल, पौष्टिक एवं प्रभावी विकल्प हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्ष महाविद्यालय की प्राचार्य उषा किरण अग्रवाल ने जानकारी दी कि महाविद्यालय परिसर में स्थापित इस मिलेट कैफे के माध्यम से एक ओर विद्यार्थियों को मिलेट आधारित विभिन्न पौष्टिक व्यंजन उपलब्ध कराए जाएंगे, वहीं दूसरी ओर महिला उद्यमिता को बढ़ावा देते हुए स्वरोजगार के माध्यम से लखपति दीदी परियोजना को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रवि शर्मा एवं डॉ. रीता लुका ने आभार प्रदर्शन किया। साथी परियोजना की ओर से अनुराग लाल (राज्य प्रमुख), देवांश शाह (मार्केटिंग प्रमुख), उज्मा फरहीन (उत्पाद विकास प्रमुख), देवी नायक (अनुसंधान विभाग) तथा शेफ लोकनाथ कोशले उपस्थित रहे।